**कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः– 1221 / 11–सी–FP/UP/Road/119900/2021, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 30 ,2022

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के अंतर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग, सोनभद्र द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (एल0डब्लू0ई0) के अंतर्गत सुवर स्रोत खुर्द से सियरिया मार्ग किमी0 0.00 से 19.20 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु कुल 11.79 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 112 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक–674 / 11–सी–FP/UP/Road/119900/2021, दिनांक 24.08.2022 एवं आपका पत्रांक–1197 / मी0क्षे0 / 33, दिनांक 26.09.2022

महोदय,

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा इंगित की गयी कमियों का बिन्दुवार निराकरण आपने अपने उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 26.09.2022 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त पुनः निम्नलिखित कमियाँ/अभिलेखों का अभाव पाया गयाः–

1. परियोजना कैमूर वन्यजीव विहार के इको सेन्सिटिव जोन के बाहर बताया गया है, किन्तु कैमूर वन्यजीव विहार के इको सेन्सिटिव जोन का गजट प्रस्ताव में संलग्न नहीं किया गया है।
2. ऑनलाइन पार्ट–1 व पार्ट–2 में गैर वनभूमि के गाटा सं0–45घ क्षेत्रफल 1.979 हे0 की के0एम0एल0 फाइल अपलोड की गयी है, किन्तु प्रस्ताव में संलग्न एवं ऑनलाइन अपलोड की गयी गैर वनभूमि के गाटा सं0–45घ क्षेत्रफल 1.979 हे0 का Geo Referenced Digital Map उक्त के0एम0एल0 फाइल से भिन्न है तथा संलग्न पेनड्राइव में भी संशोधित एवं सही Geo Referenced Digital Map व के0एम0एल0 फाइल अपलोड नहीं है। अतः 1.979 हे0 गैर वनभूमि का सही Geo Referenced Digital Map प्रस्ताव में संलग्न कर ऑनलाइन पार्ट–1 व पार्ट–2 में यथास्थान पर अपलोड करें। इसके अतिरिक्त पेनड्राइव में 1.979 हे0 गैर वनभूमि का सही Geo Referenced Digital Map एवं के0एम0एल0 फाइल अपलोड करें।
3. उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर संशोधित पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइव में अपलोड कर तीनों प्रस्ताव में संलग्न करें।

अतः कृपया किसी कार्यदिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ प्राप्त कराकर, इंगित कमियों का निराकरण के पश्चात् पूर्ण संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को 03 प्रतियों में उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 1221 /11–सी–FP/UP/Road/119900/2021, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र वन प्रभाग, सोनभद्र।
2. अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0 खण्ड लोक निर्माण विभाग, राबर्ट्सगंज सोनभद्र।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-1237